PRIMARY TEACHERS EDUCATION COLLEGE

Gurwa, P. O.- Sitagarha, Dist. – Hazaribag -825 303, Jharkhand, INDIA
(A Jesuit Christian Minority Institution)
Recognized by ERC, NCTE vide order No. BR-E/E- 2/96/2799(12) dt 11.02.1997
Mobile No. 8987903798(Office) 9835358073(Principal), Email: ptecgurwa1997@rediffmail.com Website: www.ptecgurwa.org

Date: 07/09/2021

आवश्यक सूचना

(सत्र 2018–2020 के प्रशिक्षणार्थियों के लिए)

शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा 2020 में शामिल होने वाले (शिक्षा सत्र 2018–2020) सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं सम्बन्धित अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि पंजीयन रसीद एवं प्रवेश पत्र महाविद्यालय कार्यालय से दिनांक 11.09.2021 को 9.00 am – 12.00 pm तक एवं दिनांक 13.09.2021 को 8.00 am – 04.00 pm तक प्राप्त कर सकते हैं। आने के पूर्व जरूर एक बार इस संबंध में कार्यालय से सम्पर्क कर लें। परीक्षा का कार्यक्रम इस सूचना के साथ संलग्न है।

नोट :

1. जिन प्रशिक्षणार्थियों का शिक्षण या छात्रावास शुल्क बकाया है, उनका पंजीयन रसीद एवं प्रवेश पत्र बकाया शुल्क जमा करने के पश्चात् ही निर्गत किया जाएगा।
2. परीक्षा लिखने के दौरान आप कॉलेज यूनिफार्म में रहें। आपके पास परीक्षा प्रवेश पत्र एवं महाविद्यालय परिचय पत्र होना अनिवार्य है।
3. परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रत्येक पाली में दो–दो विषयों की परीक्षा होगी। अतः दोनों विषयों को लिखने के लिए समय का सही विभाजन कर लें। दोनों विषयों के सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य होगा।
4. वार्षिक परीक्षा के दौरान महाविद्यालय में ठहरने की सुविधा नहीं है अतः अपनी व्यवस्था स्वयं कर लें।
5. प्रायोगिक परीक्षा की निश्चित तिथि निर्धारित होने के बाद आपको सूचना दी जाएगी। प्रायोगिक परीक्षा के समय भी आप पूरे कॉलेज यूनिफॉर्म में रहें। प्रायोगिक परीक्षा के समय पाठ–टीका अभ्यास पुस्तिका (उपयुक्त चार्ट एवं मॉडल के साथ), शिक्षण अभ्यास पाठ–टीका, कृषि प्रोजेक्ट, बागवानी प्रोजेक्ट, खेल प्रोजेक्ट, सभी विषयों के प्रोजेक्ट एवं आठ डायरियाँ आपके पास होनी चाहिए। आर्ट एवं क्राफ्ट मॉडल भी होना अनिवार्य है।

Principal
Primary Teachers Education College
Gurwa, Sitagarha (PO)
Hazaribag
Jharkhand-825303

झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण (सेवाकालीन सहित) परीक्षा, 2020 (शिक्षा सत्र 2015-17, 2016-18 एवं 2018-20) के प्रशिक्षुओं के परीक्षा से संबंधित आवश्यक सूचना

विज्ञप्ति संख्या - 33/2021

एतद् द्वारा विज्ञप्ति सं. 16/2021 के क्रम में राष्ट्रीय अध्यापन शिक्षा परिषद् (NCTE) द्वारा मान्यता प्राप्त एवं परिषद् से सम्बद्ध अराजकीय/राजकीय प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय/जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या को सूचित किया जाता है कि जिन प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षा सत्र 2015-17, 2016-18 एवं 2018-20 के लिए पंजीयन हो चुका है, ऑनलाइन माध्यम से पंजीयन रसीद एवं प्रवेश पत्र डाउनलोड करने तथा परीक्षा का कार्यक्रम निम्न प्रकार निर्धारित किया जाता है :-

पंजीयन रसीद एवं प्रवेश पत्र परिषद् के वेबसाइट (www.jac.jharkhand.gov.in) से डाउनलोड करने की तिथि -	**दिनांक 10.09.2021 से**

परीक्षा कार्यक्रम
(द्विवर्षीय सेवाकालीन सहित)

तिथि एवं दिन	प्रथम पाली 10:00 AM से 1:00 PM तक	द्वितीय पाली 2:00 PM से 5:00 PM तक
14.09.2021 (मंगलवार)	**प्रथम पत्र** नवोदित भारतीय समाज में शिक्षा और शिक्षक **द्वितीय पत्र** शिक्षा मनोविज्ञान	**तृतीय पत्र** विद्यालय संगठन, निर्देशन एवं परामर्श **चतुर्थ पत्र** शैक्षिक प्रौद्योगिक एवं मूल्यांकन
15.09.2021 (बुधवार)	**पंचम पत्र** हिन्दी भाषा शिक्षण विषयवस्तु -सह- शिक्षण विधि **षष्ठ पत्र** अंग्रेजी भाषा शिक्षण विषयवस्तु -सह-शिक्षण विधि	**सप्तम पत्र** संस्कृत/बंगला/उर्दू/मुंडारी/संथाली/हो/खड़िया/कुड़ुख/नागपुरी/कुरमाली/खोरठा/पंचपरगनिया/शिक्षण विषयवस्तु-सह-शिक्षण विधि **अष्टम पत्र** गणित शिक्षण विषयवस्तु -सह-शिक्षण विधि
16.09.2021 (गुरूवार)	**नवम् पत्र** पर्यावरण अध्ययन-1/सामाजिक विज्ञान विषयवस्तु -सह-शिक्षण विधि **दशम् पत्र** पर्यावरण अध्ययन-2/विज्ञान विषयवस्तु -सह-शिक्षण विधि	--------------

प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 20.09.2021 से दिनांक 30.09.2021 तक महाविद्यालय में आयोजित होगी। इससे संबंधित परीक्षा सामग्री परिषद् कार्यालय से दिनांक 18.09.2021 को प्राप्त कर लेंगे।

नोट:- परीक्षा में केवल देवनागरी एवं रोमन लिपि से लिखी गई उत्तरपुस्तिका ही मान्य होगी।

अध्यक्ष के आदेश से,
ह./-
(महीप कुमार सिंह)
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

JAC/PTT/1427/2020-Secy/532/2021 Dt : 06.09.2021
D.O.P : 07.09.2021

प्रभात खबर Tue, 07 September 2021
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/62960028

Principal
Primary Teachers Education College
Gurwa, Sitagarha (PO)
Hazaribag
Jharkhand-825303